संख्या–cm-130
09/03/2019

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम ने 12 करोड़ रूपये तथा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम ने 10 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा

पटना 09 मार्च, 2019 :– 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, प्रधान सचिव भवन निर्माण श्री चंचल कुमार, प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम श्री अमित कुमार ने बिहार राज्य भवन निर्माण निगम की तरफ से 12 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा। इस वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया गया 12 करोड़ रूपये का यह अंशदान सर्वाधिक है।

इसके पश्चात अध्यक्ष बिहार राज्य पुल निर्माण निगम श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम श्री उमेश कुमार एवं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के निदेशक मण्डल के सदस्य श्री रामचरित्र प्रसाद ने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की तरफ से 10 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य भवन निर्माण निगम तथा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार उपस्थित थे।

******